जबलपुर | सोमवार | 26 अक्टूबर 2026 | वर्ष 77 | अंक 273 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

ज्ञानेश पर शह-मात का संग्राम

राहुल की महारैली दांव पर, भाजपा का चौतरफा पलटवार

प्रवेश कुमार मिश्र

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच का वैचारिक टकराव अब सड़क से लेकर संवैधानिक संस्थाओं की चौखट तक पहुंच गया है. आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की ओर से होने वाली महारैली को लेकर चल रहा शह-मात का खेल सरकार पर बढ़ते राजनीतिक दबाव का संकेत माना जा रहा है. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित गड़बड़ियों को लेकर विपक्ष ने जिस आक्रामक ढंग से मोर्चा खोला है, उसने देश के सियासी तापमान को चरम पर पहुंचा दिया है.

मॉक पार्लियामेंट का ऐलान **30** अक्टूबर | रामलीला मैदान में महारैली **01** नवंबर



राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह केवल एक रैली नहीं, बल्कि चुनाव आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्था की निष्पक्षता और साख को लेकर सीधे जनता की अदालत में जाने की विपक्ष की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है. इस प्रस्तावित महारैली को लेकर सरकार और शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह द्वारा ली गई सुरक्षा एजेंसियों की बैठक के बाद पुलिस की बढ़ी हुई सक्रियता यह स्पष्ट करती हैं कि शासन स्तर पर इस आंदोलन के संभावित प्रभाव को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है. इसी कड़ी में विपक्ष द्वारा 30 अक्टूबर को दिल्ली के होटल अशोक में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ मॉक पार्लियामेंट आयोजित कर जन महाभियोग की कार्यवाही चलाने की घोषणा ने इस टकराव को और अधिक धार दे दी है. वहीं चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री की ओर से रैली को टालने की अपील की गई है. लेकिन विपक्षी खेमा इसे सरकार के दबाव के प्रयास के रूप में देख रहा है.

खरगे के बिगड़े बोल- मोदी का बाप भी जाएगा

पटना. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पटना में संबोधन के दौरान पीएम मोदी के पिता पर विवादित बयान दिया है. खरगे ने कहा कि मोदी का बाप भी जाएगा. खरगे ने ये बयान उस वक्त दिया, जब एक शख्स उनकी स्पीच के बीच में बोल पड़ा कि मोदी नहीं जाएगा..

आदिवासी छात्रों का मुंबई में जनआक्रोश

मुंबई, 25 अक्टूबर. महाराष्ट्र में आदिवासी विद्यार्थियों की मांगों को लेकर रविवार को मुंबई के दादर स्थित शिवाजी पार्क में 'आदिवासी जेन - जी जनआक्रोश मार्च' आयोजित करने का आह्वान किया गया है. प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि नासिक में 42 दिन धरना देने, 13 दिन भूख हड़ताल करने और सात दिन तक लंबा पैदल मार्च निकालने के बावजूद उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हुआ. इसके बाद उन्होंने मुंबई में आंदोलन तेज करने का फैसला किया है. छात्र संगठनों के मुताबिक उन्होंने अपनी मांगें पूरी करने के लिए राज्य सरकार को 25 अक्टूबर तक का समय दिया था. प्रदर्शनकारियों का दावा है कि पहले मुंबई के आजाद मैदान में प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली और कुछ विद्यार्थियों को पुलिस हिरासत में भी लिया गया. इसके बाद रविवार सुबह 11 बजे शिवाजी पार्क में एकत्र होने का आह्वान किया गया.

जापान के बोनिन द्वीप में कांपी धरती

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर. जापान के बोनिन द्वीप में रविवार सुबह 6.3 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप दर्ज किया गया. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी रिपोर्ट के अनुसार भूकंप का केंद्र प्रशांत महासागर के क्षेत्र में काफी गहराई पर था. रिपोर्टों में बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने एक्स पर इस घटना की जानकारी साझा की. भूकंप का केंद्र प्रशांत महासागर के क्षेत्र में काफी गहराई पर था. वहीं, बीते गुरुवार को भी तिब्बत में 7.0 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचाई, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई और 32 लोग घायल हुए. गुरुवार रात आए 7.0 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद शुक्रवार सुबह 5 बजकर 54 मिनट पर धरती कांप उठी.

6.3 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से लोगों में दहशत

अरुणाचल में नहीं थमी हिंसा, जवान तैनात

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर. अरुणाचल प्रदेश में प्रस्तावित 11,200 मेगावाट की सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना को लेकर विरोध तेज हो गया है. पूर्वी सियांग जिले के पासीघाट में प्रदर्शन के बाद हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं. हालात को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की दंगा-रोधी इकाई रैपिड एक्शन फोर्स की दो कंपनियां तैनात करने का फैसला किया है. करीब 250 जवानों को वायुसेना के विमान से नवी मुंबई से पासीघाट भेजा गया है.

थाने और कार्यालय में आगजनी: रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार रात 12 घंटे का बंद समाप्त होने के बाद पासीघाट में हिंसा भड़क गई. उपद्रवियों ने एनएचपीसी कार्यालय और एक पुलिस थाने में आग लगा दी. राज्य भाजपा अध्यक्ष और दो विधायकों के आवासों में तोड़फोड़ और लूटपाट की घटनाएं भी सामने आईं. नौ घंटे तक चले उपद्रव और पथराव में 40 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए. स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पासीघाट, मेबो और रुक्सिन में सभाओं तथा जुलूसों पर प्रतिबंध लगा दिया है.

11,200
मेगावाट की परियोजना पर टकराव



शहडोल को 461 करोड़ की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 82.28 करोड़ के 45 कार्य जनता को समर्पित किए

- 379.45 करोड़ के 89 निर्माण कार्यों की रखी आधारशिला

शहडोल, 25 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को शहडोल जिले में विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी. तेंदूपत्ता संग्राहकों के बोनस वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 461 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत वाले 134 निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया. वहीं खेल अधोसंरचना के विस्तार में



विचारपुर स्थित खेलो इंडिया स्मॉल फुटबॉल सेंटर को महत्वपूर्ण सौगात मिली है. यहां फुटबॉल मैदान, बाउंड्रीवॉल, चेंजिंग रूम, ऑफिशियल रूम और पवेलियन का निर्माण किया जाएगा.

36 सड़क-पुल और 38 शैक्षणिक निर्माण कार्यों की आधारशिला

भूमिपूजन किए गए 89 कार्यों में लोक निर्माण विभाग के 36 तथा जनजातीय कार्य विभाग के 38 निर्माण कार्य प्रमुख हैं. साखी-पुरनिहा टोला, साखी से छत्तीसगढ़ पहुंच मार्ग, भानपुर-खटोलिया-हर्दी-समातपुर, बिरौंड़ी-महुआ और जैतपुर तहसील पहुंच मार्ग सहित विभिन्न ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जाएगा. टेंघा-छीनमार मार्ग पर गौरीहारी नदी तथा नरवार-गोड़ारू मार्ग पर सोन नदी के चकराघाट में पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी.

जामिया में छात्रसंघ चुनाव पर संग्राम, पुलिस से भिड़े स्टूडेंट्स

- चुनाव की मांग पर दो हफ्ते से प्रदर्शन, जामिया गेट पर झड़प

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर. जामिया मिल्लिया इस्लामिया में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर जारी प्रदर्शन के बीच रविवार शाम गेट नंबर 7 पर पुलिस और छात्रों के बीच झड़प हो गई. मौके पर धक्का-मुक्की भी हुई. विश्वविद्यालय परिसर में 12 अक्टूबर से प्रदर्शन चल रहा है. छात्रों की मांग है कि लंबे समय से लंबित छात्रसंघ चुनाव कराए जाएं. प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इस कदम से परिसर में उनकी मौजूदगी सीमित करने और छात्रसंघ चुनाव की मांग को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है. वहीं रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि छात्रों की पढ़ाई निर्बाध जारी रखने के लिए ऑनलाइन कक्षाओं अपनाया गया है. छात्रों को परिसर आने से बचने की सलाह भी दी गई है. प्रदर्शन के दौरान तीन बाहरी लड़कियों और एक युवक को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है.

दो और मासूमों की मौत से सहमे आदिवासी

- दोनों मृत बच्चों का हुआ था टीकाकरण, मौतों की वजह पता करने में जुटा स्वास्थ्य विभाग

नवभारत न्यूज नेटवर्क

बालाघाट. बालाघाट में आदिवासी बच्चों की मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. यहां दो और मासूमों की मौत का मामला सामने आने के बाद स्थानीय निवासी डरे हुए हैं. मलेरिया, कुपोषण सहित अन्य बीमारी के प्रकोप से हो रही बच्चों की मौत के बीच बिरसा विकासखंड के घुम्मुर पंचायत के खैरटोला निवासी तीन वर्षीय रेखा पिता मनतू की मौत की वजह सामने नहीं आई है. जबकि, सुंदरवाही (सोनगुड्डा सेक्टर) निवासी दो माह 23 दिन के शिवम उइके की मौत श्वास नली में दूध जाने से होना बताया गया है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शत्रुघ्न सिंह दाहिया ने बताया कि मृतका रेखा और शिवम उइके दोनों स्वस्थ थे. उनका टीकाकरण भी हुआ था. शिवम के मामले में पता चला है कि स्तनपान के वक्त उसकी श्वास नली में दूध जाने से उनकी मौत हुई है, लेकिन रेखा की मौत किन कारणों से हुई है, ये स्पष्ट नहीं है.

बालाघाट में कराया जाएगा चाइल्ड डेथ रिव्यू

सीएमएचओ ने बाल मृत्यु समीक्षा कराने की बात कही है. उन्होंने बताया कि मौत किन परिस्थितियों और किन वास्तविक कारणों से हुई है, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है. वहीं, 21 अक्टूबर को बिरसा के मातला गांव के बिसरू परते की छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ अस्पताल में हुई मौत के मामले में ये बात सामने आई है कि बिसरू को मलेरिया था. जांच में वह पीएफ पॉजिटिव पाया गया था. सीएमएचओ ने बताया कि खैरागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बिसरू की रिपोर्ट मांगी गई है.

Hero

हीरो संग त्योहार है हर कहीं...

खुशियों भरा त्योहार



सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹6999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), डीलर एक्सटेंशन: सुदर्शन हीरो (आनंद नगर बस स्टॉप), 9289922353; **बालाघाट:** जायसवाल हीरो 9289922572, **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **मण्डला:** शुभा हीरो 9289922600, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 9289922377, **रीवा:** बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), **सतना:** स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, **शहडोल:** विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, **कटनी:** हर्ष हीरो 9289923166, **वैढ़न:** बजरंग मोटर्स 7354559000, **सीधी:** राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, **सिवनी:** सुदर्शन हीरो 9821745435, **चौरई:** श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **एसोशिएट डीलर: पथरिया:** एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, **सेमरिया:** आकाश मोटर्स 9893918358, **अमरवाड़ा:** अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, **ब्यौहारी:** श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, **बुड़हार:** श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, **डिंडोरी:** अवधिया ऑटो 8959777333, **नैनपुर:** स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, **गाडरवाड़ा:** शेखर व्हीकल्स 9425467409, **जुन्नारदेव:** लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, **कोतमा:** सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, **मैहर:** वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, **मउगंज:** सेंगर मोटर्स 9425185568, **लांझी:** श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, **पांडुरना:** जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, **परासिया:** श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, **रामपुर बघेलान:** साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, **रांझी:** गुरुकृपा ऑटो 9424728007, **सिहोरा:** बाईक प्वांट 9826802730, **उमरिया:** गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, **वारासिवनी:** रुसिया मोटर्स 9425822392, **मुलताई:** शारदा श्री मोटर्स 9522870001, **चितरंगी:** ओम मोटर्स 9685416118, **बरगवां:** बजरंग मोटर्स 9926183734, **बहरी:** श्याम एजेंसी 9981238133, **बरही:** अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, **अनूपपुर:** बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, **नागोद:** चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, **देवसर:** श्री राम मोटर्स 9425086868 **अमरपाटन:** रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, **स्लीमनाबाद:** अनिल मोटर्स 9425466101, **रामनगर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, **धनोरा:** भवानी व्हीकल्स 9424950703, **सरई:** यश मोटर्स, 9981718853, **सालीचौका:** अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, **मड़वास:** ओम मोटर्स, 9009066959, **मझौली:** न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, **बीरसिंहपुर पाली:** श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, **रीठी:** प्रदीप मोटर्स, 9981303666, **बड़वारा:** शिवम मोटर्स, 7509839990, **उंचेहरा:** अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, **दुधमनिया सिंगरौली:** राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, **गढ़:** अंबे मोटर्स, 9144881695, **गुन्नौर:** मधुबन मोटर्स, 8959050501, **बीरसिंहपुर:** तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, **कोठी:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, **अम्दारा:** शशि मोटर्स, 8839967734, **सलेहा:** ए एस ऑटोमोबाइल्स, 9425123895, **खटखरी:** खटखरी ऑटोमोबाइल्स, 9617241128, **देवतालाब:** वर्षा मोटर्स, 9424622310, **गुढ़:** विंध्य मोटर्स, 9229072020, **चाकघाट:** श्री साई मोटर्स, 9575845089, **पथ:** श्री सिद्धि मोटर्स, 7607799201, **सिंगरौली:** यश मोटर्स, 9981718853, **पोंडी बागदारी:** राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, **बागदरा:** साई श्रद्धा एसोसिएट्स, 9893870516, **बरका:** असद ऑटोमोबाइल्स, 8821819132, **रामपुर नैकिन:** लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 7224852277, **मडवास:** ओम मोटर्स, 9009066959, **तनसर:** निखिल मोटर्स, 7223949618, **अमिलिया:** लवकुश मोटर्स, 9144594444, **छपरा:** गायत्री एजेंसी, 7000633996, **कटंगी:** राणा ऑटोमोबाइल्स, 9407033578, **साईखेड़ा:** केशवानंद मोटर्स, 8989828648, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो, 9289922805, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो, 8815396340, **दमोह :** इंडिया ऑटो सेंटर, 8839230079

Cheil 33547/26